Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 09-03-2007

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title: Situation arising out of losses incurred by farmers due to untimely rains in the month of February in Bundelkhand.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): अध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड क्षेत्र की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं, जहां पिछले माह बेमौसम बरसात की वजह से सारे किसान तबाह हो गये हैं। साथ ही साथ जो कुछ भी फसल बची थी, वह ओलावृटि से तबाह हो गई है। पिछले दिनों बुन्देलखंड क्षेत्र सूखे की चपेट में था। इसके बाद कुछ किसानों ने जो फसल बोई थी, किसानों ने जो अनाज किसी तरह से बोया था, वह बुरी तरह से नट हो गया है।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जिन किसानों ने कर्ज लेकर अपनी फसल बोई थी या किसी तरीके से फसल बोई थी, निश्चित ही उनको मुआवजा दिया जाये। हम केन्द्र सरकार से अपनी मांग करते हैं कि जो पूर्व में सूखा घोाित होने की वजह से विशो पैकेज की मांग की थी, वह विशो पैकेज बुन्देलखंड को दिया जाये, जिससे वहां के किसान, जो भुखमरी के कगार पर हैं, आत्महत्या करने की स्थिति में हैं, उन्हें ऐसा करने से रोका जा सके। धन्यवाद।